Book Ad Any category of Classified and get
**Special Discount**
Times of India/ Hindustan Times/ Dainik Jagran / Amar Ujala/ Navbharat Times Hindustan Hindi
**Discount Code TBC10**
Contact:
**Kunika Advertising**
Plot no- 516. Sector-12, Friends Co-operative Society, Vasundhara, Ghaziabad
**Mo. 8130640000**

**Year**-15 **Issue**- 30
Ghaziabad, Sunday, 24 December- 2023

24 December to 30 December- 2023

**Page:** 8

**RNI.No:** UPBIL/2009/28691
**DAVP Code:** 101473
**Editor:** Dheeraj Kumar
**Mob.:** 9871895198

# TIRUPATI BALAJI CHRONICLE

Hindi/English {Bi-Lingual} Weekly Ghaziabad
डीएवीपी एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
www.tbcgzb.com
Email: editor@tbam.co.in

Page 3

Page 5

Page 7


# नोएडा और गाजियाबाद में हुई कोविड-19 की दस्तक, कई महीनों के बाद मिले मामले

**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** देश भर में कोरोना वायरस संक्रमण को लेकर दहशत फिर से फैलने लगी है। बीते पांच सप्ताह से देश भर में कोरोना वायरस से संक्रमित मरीजों की संख्या में इजाफा देखने को मिल रहा है। आंकड़ों के मुताबिक जिनोम सिक्वेंसिंग के लिए आए मरीजों के सैंपल में नया वेरिएंट देखने को मिल रहा है।

कोरोना वायरस का नया वेरिएंट सिर्फ भारत ही नहीं बल्कि दुनिया के कई देशों में देखने को मिल रहा है। वर्तमान में दुनिया के 40 से अधिक देशों में कोरोना वायरस संक्रमण पैर पसार चुका है। भारत में भी कई राज्यों में कोरोना संक्रमण के मामले बढ़ने लगे है। इसी बीच उत्तर प्रदेश में भी कोरोना संक्रमित व्यक्ति की पुष्टि हुई है। राज्य में नोएडा का एक व्यक्ति कोरोना संक्रमित मिला है।

गाजियाबाद में कोरोना वायरस के दो केस मिले हैं। यहां एक शख्स की आंख के ऑपरेशन के दौरान टेस्ट कराया तो उसकी रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। इससे पहले बुधवार को भाजपा पार्षद कोरोना संक्रमित हो गए थे। जिले में कोरोना के के मिलने के साथ ही स्वास्थ्य विभाग में खलबली मच गई है।




वहीं दूसरी ओर गौतमबुद्ध नगर के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील शर्मा ने बताया कि संक्रमित पाया गया मरीज 54 वर्षीय पुरुष है। बता दें कि कई महीनों के बाद गौतमबुद्ध निगर जिला में कोरोना वायरस संक्रमण से पीड़ित व्यक्ति की पुष्टि हुई है। मरीज के संबंध में अधिकारियों का कहना है कि पीड़ित सेक्टर 36 का रहने वाला है जो हाल ही में नेपाल से भारत लौटा था। पीड़ित गुरुग्राम की एक कंपनी में कार्यरत है, जो संक्रमण की पुष्टि होने के बाद आइसोलेशन में है। गाजियाबाद जिला सर्विलांस अधिकारी आरके गुप्ता ने बताया कि मरीज को एहतियात बरतने और भीड़भाड़ वाले स्थान पर ना जाने की सलाह दी गई है। नाक कान गला रोग विशेषज्ञ बीपी त्यागी ने इसे कोरोना के नए वैरिएंट होने की आशंका जताई है। वहीं दिल्ली में मंगलवार को तीन कोरोना के नए केस मिले हैं। सभी मरीजों का उपचार अलग अलग अस्पतालों में चल रहा है।

विशेषज्ञों ने लोगों से फिर से चेहरे पर मास्क लगाने और भीड़भाड़ वाले इलाके में जाने से बचने की सलाह दी है। हालांकि आने वाले दिनों में 25 दिसंबर क्रिसमस और एक जनवरी को लोग नए साल के जश्न में डूबने की तैयारी कर रहे हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि आगे स्थित बिगड़ भी सकती है।

### देश में तेजी से बढ़ रहा है वैरिएंट

देश में एक बार फिर कोरोना के मामले बढ़ रहे हैं। केरल में बीते 24 घंटे में कोरोना के 300 नए सक्रिय मामले सामने आए हैं। साथ ही तीन कोरोना मरीजों की मौत हो गई है। गुरुवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह आंकड़े जारी किए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, बीते 24 घंटे में देशभर में कोरोना के 358 नए सक्रिय मामले सामने आए हैं, इनमें से 300 अकेले केरल में मिले हैं। इसके साथ ही राज्य में कोरोना के कुल सक्रिय मामले बढ़कर 2,341 हो गए हैं। वहीं देश में कुल सक्रिय मामले बढ़कर 2669 हो गए हैं। बीते 24 घंटे में कोरोना से छह मरीजों की मौत हुई है। केरल में कोरोना से तीन मरीजों की मौत हुई है, जिसके बाद राज्य में कोरोना से मरने वालों का कुल आंकड़ा 72,059 हो गया है।

### रोज हो रहीं 40 से 50 जांच

दिल्ली एनसीआर का क्षेत्र होने के कारण एहतियात के तौर पर सीएमओ ने स्थानीय स्तर पर मंगलवार को अलर्ट जारी किया था जिसमें जांच बढ़ाने के निर्देश दिए गए थे। जिला सर्विलांस अधिकारी ने बताया कि रोजाना 40-50 जांच की जा रही है लेकिन अभी तक कोई संक्रमित नहीं मिला है।

### कंट्रोल रूम बनाया

इन्फ्लूएंजा जैसे संक्रमण (आईएलआई) और सीवियर एक्यूट रेस्पेटरी इन्फेक्शन (सारी) सांस लेने में परेशानी के लक्षण वाले मरीजों को चिन्हित करने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने कंट्रोल रूम बनाया है। सर्दी, खांसी, जुकाम,बुखार और सांस लेने में परेशानी के मरीजों की कोरोना जांच करवाने के साथ ही सूचना स्वास्थ्य विभाग को देने के निर्देश दिए गए हैं। विभागीय टीमों को सर्वे करने के निर्देश दिए गए हैं।

# देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला राज्य बना उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र पहले स्थान पर

**टीबीसी नेटवर्क**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को देश की नंबर एक अर्थव्यवस्था वाला राज्य बनाने की दिशा में चल रहे प्रयासों को एक ताजा रिपोर्ट ने बल दिया है। इन्वेस्टिंग और स्टॉक मार्केट पर नजर रखने वाले प्रमुख ऑनलाइन ब्लॉगिंग प्लेटफार्म २ड्ड.ह्ल ने सेंसस और सीएलएसए (क्रेडिट लियोनिस सिक्योरिटीज एशिया) पर आधारित एक क्रिएटिव ग्राफिक में बताया है कि देश की जीडीपी में शेयर के मामले में उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र के बाद दूसरे स्थान पर आ गया है। सरकारी आंकड़ों में उत्तर प्रदेश जीडीपी शेयर के मामले में तीसरे पायदान पर था। यह योगी सरकार की एक और बड़ी उपलब्धि है। निश्चित तौर पर




**7 वर्षों में सीएम योगी ने बदली प्रदेश की तस्वीर**

### अब नंबर वन पर नजर

सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर शेयर किए गए इस क्रिएटिव में उत्तर प्रदेश को जीडीपी शेयर के मामले में दूसरे स्थान पर दिखाया गया है। इसके अनुसार जहां देश की कुल जीडीपी में महाराष्ट्र 15.7% जीडीपी शेयर के साथ पहले पायदान पर है तो वहीं उत्तर प्रदेश 9.2% जीडीपी शेयर के साथ दूसरे स्थान पर है। उत्तर प्रदेश ने जीडीपी शेयर के मामले में तमिलनाडु (9.1%), गुजरात (8.2%) और पश्चिम बंगाल (7.5%) जैसे राज्यों पर बढ़त बनाई है। कर्नाटक (6.2%), राजस्थान (5.5%), आंध्र प्रदेश (4.9%) और मध्य प्रदेश (4.6%) जैसे राज्य उत्तर प्रदेश से काफी पीछे हैं।

इसके बाद सीएम योगी का अगला लक्ष्य नंबर वन जीडीपी शेयर वाला राज्य बनने का होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में 14वें स्थान से दूसरे स्थान पर आ चुका है। लॉ एंड ऑर्डर, कनेक्टिविटी, इन्फ्रास्ट्रक्चर में हुए सुधार के कारण ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से प्रदेश को 40 लाख करोड़ से ज्यादा के निवेश प्रस्ताव मिले हैं जो जल्द ही धरातल पर उतरने जा रहे हैं। इससे प्रदेश में लाखों रोजगार के अवसर सृजित होंगे। वर्तमान में प्रदेश लगभग 2 लाख करोड़ रुपए का निर्यात कर रहा है। बैंकों का ऋण-जमा अनुपात 42-43 प्रतिशत से बढ़कर 56 प्रतिशत हो चुका है, इसे 60 प्रतिशत तक ले जाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। आज यूपी रिवेन्यू सरप्लस राज्य है। प्रदेश की 56 प्रतिशत आबादी कामकाजी है। 96 लाख एमएसएमई इकाइयां स्थापित हुई हैं। सीएम योगी ने कभी बीमारू माने जाने वाले उत्तर प्रदेश को विकास की दौड़ में अग्रणी स्थान पर ला खड़ा किया है।

# Editorial

## 'India' walked two and a half miles

After the fourth meeting of the opposition alliance 'India', it can be said that it has become somewhat active, some decisions have been taken, the desire to win the elections has arisen and for the first time the name of Mallikarjun Kharge has emerged as the face of the Prime Minister. Although the alliance's common minimum programme, secretariat, logo etc. are still under consideration, the proposal for the convenor or prime ministerial face was put forward by Bengal Chief Minister and Trinamool Congress President Mamata Banerjee, who was also supported by Aam Aadmi Party (AAP) national convenor and Delhi Chief Minister. Leaders of 12 parties including Kejriwal approved. Mamta-Kejriwal had taken this decision without informing Congress. Their strategy was that if the first Dalit Prime Minister and an experienced leader with a spotless image were presented before the country, then it would be easier to generate public opinion in favor of the alliance, but CPM General Secretary Sitaram Yechury said in front of the media that in the meeting the Prime Minister There was no discussion on the face. Such contradictions question the unity of 'India'. However, Congress President Kharge rejected the issue of Prime Minister's face and said that first of all we have to win the elections and get majority. If the MPs do not have a majority, then how will the Prime Minister be elected? Kharge also clarified that the Prime Minister will be decided after the election victory. First, it is necessary for all of us to fight and win the elections together. Raising the issue of 'coordinator', Shiv Sena's Uddhav Thackeray said that there should be more or less a leadership face. It is not necessary that the one who is the coordinator should later be made the Prime Minister.But Kharge pushed this issue aside. Actually, the initiative of collective alliance of opposition was taken by Bihar Chief Minister Nitish Kumar. It was he who contacted and communicated with key opposition leaders, but even after four meetings, his role is that of a component of the alliance, hence he and RJD President Lalu Yadav are said to be angry. He returned to Patna even before the press briefing. In this way, the roles of coordinator and charioteer of 'India' are still unresolved.

**Dr. Dheeraj Kumar Bhargava**

# Final touches underway for FIH Hockey Olympic Qualifiers Ranchi

**New Delhi.** With only three weeks until the FIH Hockey Olympics Qualifiers Ranchi 2024, the Indian Women's Hockey Team is preparing to compete in Ranchi, aiming to secure a spot in the Paris 2024 Olympics.

"We have some high-calibre teams coming to Ranchi to battle for qualification to the Paris 2024 Olympics, but we have a great group of players and an outstanding support staff. So, we are certain that we can finish on the podium and qualify for the Olympics. The aim will be to play each match on our terms, take more responsibility for our actions in-game, be solid at the back, and capitalize on the chances we create," commented Indian Women's Hockey Team Chief Coach Janneke Schopman on India's chances in the FIH Hockey Olympic Qualifiers Ranchi 2024.



India will begin the campaign against the United States on January 13 and go on to face New Zealand on January 14, before their last Pool B clash against Italy on January 16. The Pool A comprises Germany, Japan, Chile, Czech Republic.

The team is entering this tournament after playing preparatory matches in Spain. The Indian Women's Hockey Team won the Gold medal at the Jharkhand Women's Asian Champions Trophy Ranchi 2023 and the Bronze medal at the 19th Asian Games, both times defeating Japan. The team is optimistic about the upcoming tour, buoyed by the enthusiastic support of home fans. The team's main goal is to finish in the top three and secure a spot in the Paris Olympics in 2024.

Elaborating on the preparations, Janneke Schopman said, "The last few months were crucial, and I am happy with the way the team has responded after missing out on direct qualification from the Asian Games.

Our performance in the Jharkhand Women's Asian Champions Trophy Ranchi 2023 is an example of the team's potential. The next step is to tap into this potential and become a consistently high-performing team.

The 5 Nations Tournament Valencia 2023 was important in this regard, as it helped us fine-tune our game and maintain match sharpness before entering a critical juncture in our journey to the Paris 2024 Olympics."

# Drug proliferation destructive than war: Rishiraj Singh



**Thiruvananthapuram.** Emphasising the gravity of the drug proliferation issue, former Kerala DGP Rishiraj Singh has said 'it is more perilous and destructive than a war.'

He said this while inaugurating an anti-drug awareness and art show, organised by the Abhijit Foundation for the children of Sree Chitra Home, marking a significant initiative in their year-long anti-drug programs across colleges, schools, and public spaces in the district.

He also urged law enforcement and the government to intervene effectively, utilizing special laws in place to combat the drug proliferation which is destructive destructive than war.

During the ceremony, Justice M. R. Hariharan Nair, the chief patron of the foundation, presided over the event. Adv. KR Rajan delivered a compelling keynote speech. Other notable figures present included Abhijit Foundation Managing Trustee Kotukal Krishnakumar, Metro Mart Managing Director Siji Nair, Foundation Working Chairman S. Prakash, General Secretary Ajith Venniyur, Patron Sajitha Rani, and Secretary Panathura Baiju.The ceremony also saw expressions of gratitude from Sree Chitra Home Superintendent Bindu S and Foundation Patron Dr. Gangaprasad. Rishiraj Singh cautioned students to be vigilant and not accept any free items from others, as schools become venues for the exchange of drugs among children. This event stands as a testament to the collective effort to combat the drug menace and raise awareness among the youth.

# Sakshi Malik quits wrestling after Brijbhushan's election as WFI chief

**New Delhi.** Rio Olympics bronze medallist Sakshi Malik on Thursday announced her retirement from wrestling soon after Sanjay Singh was elected as Wrestling Federation of India president.

"We fought from our heart but if a man like Brij Bhushan's business partner and a close aide is elected as the president of WFI, I quit wrestling ....," a teary-eyed Sakshi said at a press conference here. Earlier in the day, Brij Bhushan's close aide Sanjay Singh was elected as WFI president. Sanjay Singh defeated Anita Sheoran 40-7 in a virtually one-sided contest. However, Prem Chand Lochab, who seemingly got the support of the protesting wrestlers, was




elected as the secretary general. "We wanted a woman president but that did not materialise," the Commonwealth Games gold medalist said. Ahead of elections, Olympic medal-winning grapplers Bajrang Punia and Sakshi had requested Union Sports Minister Anurag Thakur to dissuade anyone close to Brijbhushan from contesting the elections. Punia expressed disappointment over the government's failure to stop a close aide of Brijbhushan from contesting the elections.

# 4 killed, 3 Injured as car collided with lorry in Telangana

**Hanmakonda (Telangana).** In a devastating incident, four individuals lost their lives, and three others sustained serious injuries when the car they were traveling in collided with a lorry at Penchikalpet, Elkathrthi Mandal in this district in the early hours of Friday.

According to the police, the accident took place as the occupants of the car, close



relatives, were en route from Eturunagaram to Vemulawada on a pilgrimage. The car suffered extensive damage in the collision.

The injured have been admitted to MGM Hospital for medical treatment.

The deceased have been identified as Kanthaiah (72), Memthena Shankar (60), Mamthena Bharat (29), and Memthena Memdana (16). A case has been registered, and an investigation is underway, the police added.

# एमएमएच कालेज में चौ० चरण सिंह विश्वविद्यालय अन्तर्महाविद्यालयीय खो-खो (पुरुष) प्रतियोगिता आयोजित

## सशक्त युवा से ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण होता है: योगेन्द्र प्रताप सिंह

**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** चौ० चरण सिंह विश्वविद्यालय अन्तर्महाविद्यालयीय खो-खो (पुरुष) प्रतियोगिता 2023-24 का आयोजन एम०एम०एच० कालेज, गाजियाबाद के तत्त्वावधान में सम्पन्न हुआ। इस प्रतियोगिता का समापन एवं पुरस्कार वितरण मुख्य अतिथि माननीय श्री योगेन्द्र प्रताप सिंह, जिला सूचना अधिकारी, गाजियाबाद के द्वारा किया गया। उन्होने खिलाडियों को खेल की भावना से खेलने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि खेल प्रतियोगिताओं के माध्यम से खिलाड़ियों में अनुशासन एवं खेल संस्कृति को बढ़ावा मिलता है, जिससे युवाओं का सशक्तिकरण होगा। इससे भारत का भविष्य भी सुनहरा होगा क्योंकि किसी भी राष्ट्र के विकास में युवाओं का सबसे बड़ा योगदान होता है। सशक्त युवा से ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण होता है। यही वर्तमान केन्द्र एवं राज्य सरकार की नीति है। महाविद्यालय के संगठन सचिव ने अपनी संक्षिप्त रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि इस प्रतियोगिता में लगभग 10 टीमों ने प्रतिभाग किया तथा सात महाविद्यालयों के खिलाडी सेलेक्शन ट्रायल्स हेतु उपस्थित हुए। महाविद्यालय के प्राचार्य एवं संगठन अध्यक्ष प्रो० पीयूष चौहान ने विभिन्न महाविद्यालय से आये हुए टीम मैनेजर /कोच और खिलाडियों का धन्यवाद करते हुए सभी खिलाडियों को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। इस प्रतियोगिता में आज दिनांक 21.12.2023 को लीग का पांचवां मैच एम०एम०एच० कालेज, गाजियाबाद और एच०एल०एम० कालेज, गाजियाबाद के मध्य खेला गया, जिसमें एम०एम०एच० कालेज, गाजियाबाद की टीम ने 11 अंकों से जीत दर्ज की। लीग के छठे मैच में एन०ए०एस० कालेज, मेरठ और मेरठ कालेज, मेरठ के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें मेरठ कालेज, मेरठ की टीम एक इनिंग 2 अंक से जीती। लीग का सातवां मैच एच०एल०एम० कालेज, गाजियाबाद और एन०ए०एस० कालेज, मेरठ के बीच हुआ, जिसमें एन०ए०एस० कालेज, मेरठ की टीम 2 अंकों से जीत हासिल की।





लीग का अन्तिम एवं रोमांचक फाइनल मैच मेरठ कालेज, मेरठ और एम०एम०एच० कालेज, गाजियाबाद की टीम के साथ खेला गया। एम०एम०एच० कालेज, गाजियाबाद ने संघर्ष पूर्ण ढंग से खेलते हुए 7 अंको से जीत कर चौ० चरण सिंह विश्वविद्यालय अन्तर्महाविद्यालयीय खो-खो (पुरूष) प्रतियोगिता 2023-24 के विजेता होने का गौरव प्राप्त किया। उपविजेता के स्थान पर मेरठ कालेज, मेरठ रहा।

तृतीय स्थान एन०ए०एस० कालेज, मेरठ और चतुर्थ स्थान पर एच०एल०एम० कालेज, गाजियाबाद की टीमें रहीं।

# भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर बनाएंगे, राज्यमंत्री नरेंद्र कश्यप ने दिलायी शपथ

### विकसित भारत संकल्प यात्रा में 1150 लाभार्थियों की बढ़ी संख्या, दिये गए सर्टिफिकेट

**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** कवि नगर जोंन स्थित क्षेत्रों में विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रमों का आयोजन हुआ, जिसमें स्प्रिंगडेल पब्लिक स्कूल गोविंदपुरम तथा जिला हॉस्पिटल संजय नगर मे आयोजन किया गया, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप रहे।

नोडल प्रभारी अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव द्वारा बताया गया कि नगर आयुक्त महोदय के निर्देश अनुसार विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम विशाल जनसभा के रूप में आयोजित हुए जिसमें भारी संख्या में क्षेत्रीय निवासियों ने हिस्सा लिया, गोविंदपुरम में आयोजित कार्यक्रम में 501 पात्रों को, संजय नगर आयोजित कार्यक्रम में 655 पात्रों को योजना का लाभ दिलाया गया, अतिथियों के कर कमलों द्वारा लाभार्थियों को सर्टिफिकेट भी दिए गए।



केंद्र सरकार तथा राज्य सरकार की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचने में गाजियाबाद नगर निगम अधिकारियों द्वारा अहम भूमिका निभाई जा रही है जिसमें शहर के जनप्रतिनिधियों का भी सहयोग मिल रहा है अतिथियों द्वारा उपस्थित जनों को शपथ भी दिलाई गई जिसमें भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर तथा विकसित राष्ट्रीय बनाने की सपने को पूरा करने की शपथ दिलाई गई, कार्यक्रम में उपस्थित क्षेत्रीय निवासियों जनप्रतिनिधियों का अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव द्वारा धन्यवाद दिया गया।

# नगर आयुक्त के आदेश पर नगर निगम ने वन विभाग को दी 1.6 हेक्टेयर जमीन, लहरायेगी हरियाली





**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश अनुसार संपत्ति विभाग द्वारा कार्यवाही करते हुए गाजियाबाद नगर निगम द्वारा 1.6180 हेक्टर जमीन वन विभाग को दी गई है जिस पर वन विभाग द्वारा पौधारोपण कर हरे भरे वृक्ष लगाए जाएंगे तथा उक्त स्थान को वन का रूप दिया जाएगा, संपत्ति विभाग की टीम तथा वन विभाग की टीम ने आपसी समन्वय कर वन बनाने हेतु स्थान का चयन किया जिसके क्रम में जमीन वन विभाग को गाजियाबाद नगर निगम द्वारा दी गई है जिस पर स्वामित्व नगर निगम गाजियाबाद का ही रहेगा।

संपत्ति विभाग के अधिकारी द्वारा बताया गया कि नगर वन योजना के अंतर्गत जमीन की मांग की गई जिसके क्रम में नगर आयुक्त महोदय की निर्देश अनुसार सिद्धिक नगर तथा नूर नगर में स्थान का चयन करते हुए वन विभाग के अधिकारियों के साथ निरीक्षण करते हुए नगर वन योजना के अंतर्गत जमीन दी गई है, सिद्धिक नगर में 10000 वर्ग मीटर जिनका खसरा नंबर 316मि,319मि, 322मि, 326मि, 327मि, 329मि, 331मि,333 मि,335मि, है तथा नूर नगर में 6000 वर्ग मीटर जमींन दी गई है जिसका खसरा नंबर 381मि है' मौके पर संपत्ति अधीक्षक भोलानाथ गौतम तथा वन विभाग के संबंधित अधिकारी भी उपस्थित रहे। पर्यावरण में सुधार हो तथा शहर हित में लगातार गाजियाबाद नगर निगम बढ़-चढ़कर हिस्सा लेता है जिसके क्रम में महापौर सुनीता दयाल तथा नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश अनुसार सभी निगम के विभाग कार्य कर रहे हैं। नगर वन योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक वृक्ष लगाए जाएंगे तथा हरे-भरे लहराने वाले वृक्ष आने वाले समय में शहर हित में शुद्ध वातावरण का निर्माण रहेंगे।

### जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयुष्मान भारत, सतर्कता समिति और डीएलआरसी/ डीसीसी संयुक्त समीक्षा बैठक सम्पन्न

# डोर टू डोर सम्पर्क कर पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनवायें जाए: सीडीओ




**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** महात्मा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी श्री राकेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयुष्मान भारत, सतर्कता समिति और डीएलआरसी/डीसीसी संयुक्त समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान के शेष रह गए पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान भारत कार्ड बनने के सम्बंध में दिशा निर्देश दिए गए। मुख्य विकास अधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग और आपूर्ति विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने–अपने विभाग से 150–150 लोगों को नामित करते हुए प्रत्येक व्यक्ति को 50 कार्ड बनाने का लक्ष्य दें और त्वरित कार्यवाही करते हुए शेष कार्डों को बनवायें। जिन लोगों का डाटा कोटेदार के पास नहीं मिलता उनका कार्ड बनवाने के लिए डोर टू डोर सम्पर्क कर उनके कार्ड बनवायें। मुख्य विकास अधिकारी श्री अभिनव गोपाल ने कहा कि यदि आप लोग कमर कसकर ठान लें तो समय से लक्ष्य पूरा हो जायेगा।

इसके उपरान्त सतर्कता समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिला पूर्ति कार्यालय का विवरण, विभाग के कार्यों का विवरण, जनसंख्या आच्छादन, प्रवर्तन व आईजीआरएस रिपोर्ट की समीक्षा की गई। डीएलआरसी/डीसीसी की बैठक के दौरान अग्रणी जिला प्रबंधक श्री हिमांशु शेखर तिवारी के द्वारा बैंक की सितम्बर तिमाही 2023 तक की उपलब्धि पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान सभी बैंको के द्वारा सितम्बर 2023 महीने तक प्राप्त की गई उपलब्धियों की बारी-बारी से समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में यह तथ्य सामने आया कि सितम्बर तिमाही में जिले के जिन बंको के साखजमा अनुपात निर्धारित मानक में कम पाई गई, इस पर जिलाधिकारी महोदय ने सभी बैंकों के जिला समन्वयकों को जिले में माख-जमा अनुपात को बढ़ाने के लिए निर्देशित किया है और बेहतर उपलब्धि प्राप्त करने के निर्देश दिए। जिले की उपलब्धि प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना में गत वर्ष में अच्छी रही है। साथ में पिछले वर्ष के तुलना में जिले की वार्षिक साख योजना में उपलब्धि भी अच्छी रही है पर जिन बैंकों द्वारा साख-जमा अनुपात 40% मे कम हासिल हुई है, उनके ऊपर जिलाधिकारी महोदय ने काफी नाराजगी व्यक्त की, साथ ही जिन बैंकों द्वारा वार्षिक साख योजना की उपलब्धि 40% से कम थी, जिलाधिकारी महोदय द्वारा उन्हें निर्देशित किया गया कि जिले में अपने प्रदर्शन में और सुधार करते हुए वार्षिक साख योजना, साख जमा अनुपात, सरकार प्रायोजित योजनाएं जैसे कि प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुद्रा योजना आदि के साथ ही प्रधानमंत्री की अन्य महत्वाकांक्षी योजनाओं जैसे सामाजिक सुरक्षा योजनाएं जिसके तहत पीएमएसबीवाई, पीएमजेजेबीवाई, जन धन योजना एवं अटल पेंशन योजना आदि में जिले की उपलब्धि अच्छी हो। इसके लिए जिलाधिकारी महोदय ने लक्ष्य के अनुरूप काम करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी बैंकर अच्छे तरीके में काम करें, जिसमें जिले की उपलब्धि विकसित भारत संकल्प यात्रा के संदर्भ में बढ़ सके। जिलाधिकारी महोदय द्वारा हर स्तर की सुरक्षा समीक्षा, शिकायत निवारण समीक्षा, रुडसेटी एवम्-एफएलसी द्वारा आयोजित कराये गए ट्रेनिंग प्रोग्राम की भी समीक्षा की गई। जिले में बेहतर तरीके से काम को करने के लिए सभी बैंक शाखाओं को केसीसी वितरण को और बढ़ाने के साथ साथ प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना एवं पशुपालन, माटीकला तथा मत्स्य संबंधी केसीसी लोन करने को भी अधिक से अधिक स्वकृत एवं वितरीत करने हेतु निर्देशित किया गया।

साथ ही सभी जिला समन्वयकों को अपने शाम्बा की उपलब्धि को तिमाहीवार प्रगति रिपोर्ट के साथ समीक्षा करने और समय पर अग्रणी जिला प्रबंधक कार्यालय को डाटा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने बैंकरों को साख-जमा अनुपात एवं वार्षिक ऋण योजना में और तेजी लाने का भी निर्देश दिया, साथ ही सभी बैंकों को आगामी तिमाही में ऋण योजना में लक्ष्य के अनुरुप प्रगति करने एवं ऋण जमा अनुपात को न्यूनतम 60% तक लाने की कार्यनीति बनाने का निर्देश दिया।

## विकास निधि योजनान्तर्गत निर्माण कार्यों के संबंध में सीडीओ की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न



गाजियाबाद। विकास भवन दुर्गावती सभागार में सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास निधि एवं विधान मण्डल क्षेत्र विकास निधि योजनान्तर्गत निर्माण कार्यों के संबंध में मुख्य विकास अधिकारी, अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में प्रगति पर चल रहे समस्त कार्यों की समय सारणी तय की गयी और 10 जनवरी तक उच्च गुणवत्ता पूर्ण कार्य कराते हुए संबंधित मा० जनप्रतिनिधियों से शिलान्यास/उद्घाटन कराने के निर्देश दिये गए। बैठक में उपस्थित पी० एन० दीक्षित, परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण गाजियाबाद, एस०के० दुआ, सहायक अभियन्ता, डी०आर०डी०ए० एवं कार्यदायी संस्था ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, लोक निर्माण विभाग, यू०पी०एस०आई०सी०, यू०पी० सिडको, विकास खण्ड रजापुर, मुरादनगर, भोजपुर, लोनी आदि द्वारा प्रतिभाग किया गया ।

## जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने सुनी जन शिकायतें



**गाजियाबाद।** कलेक्ट्रेट गाजियाबाद में जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह द्वारा अपने कार्यालय पर जन शिकायतें सुनी गई। जन शिकायतों के दौरान तीनों तहसीलों से आए शिकायतकताओं ने क्रमवार अपनी लिखित शिकायतें जिलाधिकारी को दी। जिलाधिकारी द्वारा सभी की शिकायतों को सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को भिजवाई गई और निर्देशित किया कि शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। शिकायतों में भूमि विवाद, अवैध रूप से फैक्ट्री का संचालन, जर्जर बिल्डिंग की मरम्मत सहित बन्दूक लाइसेंस ट्रासफर व नये बंदूक के आवेदन भी किए गए। जिलाधिकारी सहित सिटी मजिस्ट्रेट श्रीमती शुभांगी शुक्ला ने भी शिकायतें सुनी।

## जिला आयुष समिति की मासिक बैठक सम्पन्न



गाजियाबाद। महात्मा गांधी सभागार कलेक्ट्रेट में जिला आयुष समिति की मासिक बैठक जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान समिति में जनपद में संचालित योग वैलनेस सेन्टर्स एवं हैल्थ वैलनेस सेन्टर्स का संचालन सुचारू रूप से करने एवं जनसामान्य में योग के प्रति अभिरूचि उत्पन्न करने एवं अधिक से अधिक लोगों को योग से जोड़ने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये गये। संचालित हैल्थ वेलनेस सेन्टर्स पर स्थापित हर्बल गार्डन के रख-रखाव के निर्देश दिये गये साथ ही सी०सी०टी०वी० एवं इन्टरनेट कनेक्शन एवं प्रशिक्षित आशा वर्कर / ए०एन०एम० से मुख्य चिकित्साधिकारी गाजियाबाद से समन्वय स्थापित कर प्रशिक्षण हेतु निर्देशित किया गया। वित्तीय वर्ष 2023-24 में अद्यतन विभिन्न मदों में प्राप्त एवं व्यय धनराशि का विवरण प्रस्तुत किया गया जिसमें जिलाधिकारी महोदय द्वारा अवशेष धनराशि को मदानुसार शीघ्रातिशीघ्र व्यय करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में एसीएमओ डॉ.चरण सिंह, आरएयूयू डॉ.अशोक कुमार राना, डीएचएमओ डॉ.पंकज त्यागी, खण्ड शिक्षा अधिकारी ईशक लाल, जिला सूचना अधिकारी योगेन्द्र प्रताप सिंह सहित अन्य समिति के सदस्य मौजूद रहे।

## जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन तथा जल के अनावश्यक प्रयोग से बचेः देवेंद्र कुमार



गाजियाबाद। नेहरू युवा केन्द्र, गाजियाबाद, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वाधान मे तथा उपनिदेशक, देवेन्द्र कुमार के निर्देशन मे जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार के राष्ट्रीय जल मिशन द्वारा प्रायोजित कैच दा रेन कार्यक्रम के अंतर्गत युवाओं को जल सरक्षण, वर्षा जल संचयन तथा जल की बबादी को कम करने पर इंडियन टेक्नोलॉजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अबुपुर ,मेरठ रोड गाजियाबाद मे छात्रों के मध्य एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। उपनिदेशक, देवेन्द्र कुमार ने इस विषय पर बोलते हुए कहा कि हमारी पृथ्वी का लगभग दो तिहाई भाग जल से ढका हुआ है लेकिन पृथ्वी पर कुल जल का लगभग 97% भाग समुद्रों में खारे पानी के रूप में पाया जाता हैं केवल 3% भाग ही पीने के योग्य जल के रूप में पाया जाता है अर्थात पीने का पानी कुल पानी की अपेक्षा बहुत कम है। जल के अनावश्यक उपयोग तथा जल की बबादी के कारण भूगर्भ में जल का स्तर लगातार नीचे गिरता जा रहा है। सभी छात्रों तथा युवाओं को अपने अपने घरों तथा गावों में जल संरक्षण तथा वर्षा के जल के संचयन के प्रति लोगो को जागरूक करना हैं। अब गांवों में समरसेबल लग चुके हैं जो पानी की बबादी का एक बड़ा कारण है क्योंकि लोग समर्सिबल चलाकर सीधे पानी का उपयोग करते हैं ना कि उसको स्टोर करके उसका उपयोग करें। इसके अतिरिक्त माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वान पर सभी छात्रों का माइ भारत पोर्टल पर पंजीकरण भी किया गया। संस्थान मे कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य ललित कुमार तथा संस्था के प्रशिक्षकों प्रभात कुमार, प्रिंस तथा मीनू शर्मा के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम का संयोजन राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक ब्लॉक लानी के तालिब ने किया।

## जिला प्रशासन के अथक प्रयास से मिला मृतक सफाईकर्मियों के आश्रितों को मुआवजा



गाजियाबाद। शीला फोम फैक्ट्री, साहिबाबाद, जनपद-गाजियाबाद में सीवर / सैप्टिक टैंक की सफाई के दौरान 05 सफाई कर्मचारियों की मृत्यु हो गयी थी, शीला फोम फैक्ट्री, साहिबाबाद द्वारा मा० उच्चतम न्यायालय के पारित निर्णय के क्रम में रू0 10.00 लाख (रू० दस लाख) का भुगतान प्रति परिवार को किया जाना था जिसमें से 03 मृतक आश्रितों को 10—10 लाख रुपए का भुगतान करवा दिया गया था और 2 परिवारों को 2.40 लाख और 2.25 लाख का भुगतान कराया गया था। जिला प्रशासन के अथक प्रयास से अवशेष 02 मृतक देवेन्द्र व नरेन्द्र निवासी ग्राम-चिपियाना बुजुर्ग, जनपद- गौतमबुद्ध नगर के मृतक आश्रितों को पूर्व में भुगतान की गयी धनराशि को समायोजित करते हुए अवशेष धनराशि फूलचन्द एवं श्रीमती प्रियंका को क्रमशः रू0 7.60 लाख व रू0 7.75 लाख कुल रू0 15.35 लाख की धनराशि का बैंक ड्राफट के द्वारा जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह के कर कमलों द्वारा अपर जिलाधिकारी, प्रशासन, जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास) एवं शीला फोम फैक्ट्री, साहिबाबाद के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में चैक प्रदान किया गया।

## निगम की अलाव व्यवस्था बना बढ़ती ठंड में संजीवनी

# निराश्रितों ने लिया रैन बसेरों का आसरा

### रैन बसेरों पर फागिंग तथा सफाई की व्यवस्था को बेहतर करे स्वास्थ्यः नगर आयुक्त







**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद नगर निगम द्वारा बढ़ती ठंड को देखते हुए अलाव की व्यवस्था भी शुरू कर दी गई है जिसके क्रम में लगभग 30 स्थान पर अलाव की व्यवस्था प्रतिदिन सायं काल में कराई जा रही है, नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा निराश्रितों को ठंड से बचाव पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है जिसके क्रम में निगम अधिकारी रैन बसेरे की व्यवस्था में कार्यवाही कर रहे हैं साथ ही सार्वजनिक स्थलों पर अलाव की व्यवस्था भी कराई जा रही है, बस अड्डे, रेलवे स्टेशन, धार्मिक स्थलों के बाहर, चिकित्सालयों के बाहर, ठंड से परेशान लोगो के लिए अलाव की व्यवस्था कराई गई है। स्थाई के साथ साथ गाजियाबाद नगर निगम द्वारा अस्थाई रैन बसेरे की व्यवस्था भी की गई है। रेन बसेरों की सूचना के लिए नगर आयुक्त के आदेश पर शहर में दिशा सूचक भी लगाए जाएंगे, कोई भी निराश्रित सड़कों पर ना सोए इसका विशेष ध्यान भी रखा जा रहा है जिसके लिए जोन प्रभारी की ड्यूटी लगाई गई है, शहर में लगभग 6 स्थान पर अस्थाई रैन बसेरे बन रहे हैं' मिजापुर डबल टंकी के पास विजयनगर, कोतवाली के सामने जीटी रोड, रोडवेज बस अड्डा मोहन नगर, पैसिफिक मॉल के सामने कौशांबी, रेलवे स्टेशन रोड साहिबाबाद, हापुर रोड कवि नगर फ्लाईओवर के पास व्यवस्था की गई है। रैन बसेरों में फॉगिंग व सफाई व्यवस्था को सुधारने के लिये नगर आयुक्त द्वारा स्वास्थ्य विभाग की टीम को कड़े निर्देश दिए हैं, संयुक्त नगर आयुक्त ओमप्रकाश द्वारा बताया गया कि महापौर तथा नगर आयुक्त महोदय के निर्देश अनुसार सभी रैन बसेरे व्यवस्थित हैं।

सड़कों पर सोने वाले निराश्रितों से समस्त कार्यवाही पूर्ण करते हुए आश्रय स्थलों के लिए अवगत कराया जा रहा है, जोन के प्रभारी भी अपने-अपने क्षेत्र में प्रतिदिन जोनों की व्यवस्था को देख रहे हैं।

# मेवाड़ में 'मौजूदा दौर में महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज की प्रासंगिकता' विषय पर विचार संगोष्ठी आयोजित

**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** सुविख्यात अर्थशास्त्री प्रोफेसर अरुण कुमार ने कहा कि कालेधन की अर्थव्यवस्था से देश के हालात अच्छे नहीं हैं। इससे विकास कम तो हो ही रहा है निवेश पर भी विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। तमाम नीतियां फेल हो रही हैं। इन सभी समस्याओं का हल आज गांधी की ग्राम स्वराज की विचारधारा में है, जिसे अपनाने की बहुत जरूरत है। प्रभाष परम्परा न्यास और मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की ओर से आयोजित विचार संगोष्ठी में बतौर मुख्य वक्ता प्रो. अरुण कुमार ने ये विचार व्यक्त किये। वह 'मौजूदा दौर में महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज की प्रासंगिकता' विषय पर बोल रहे थे।उन्होंने कहा कि आज देश में डिजिटल तकनीक आ जाने से काम तो बढ़ा है लेकिन बेरोजगारी भी बढ़ी है। मैन पॉवर कम हो गई है, ऑनलाइन का चलन शुरू हो गया है।



विशेष तौर पर आज युवा और महिलाओं को काम कम मिल पा रहा है। कारण, संगठित क्षेत्र में तकनीक का तेजी के साथ बढ़ना। जबकि देश में असंगठित क्षेत्र में काम बढ़ना चाहिए। जब तक असंठित क्षेत्र मजबूत नहीं होता तब तक हम बेरोजगारी से पार नहीं पा सकते। आज संगठित क्षेत्र में 80 प्रतिशत निवेश हो रहा है जबकि असंगठित क्षेत्र में 20 प्रतिशत ही निवेश हो रहा है। इसका उल्टा होना वाहिए। इसके लिए हमें गांवों की ओर लौटना होगा। कुटीर और मध्यम दर्जे के उद्योगों को बढ़ावा देना होगा। महात्मा गांधी ने भी गांवों के विकास की बात कही है। जिसे आज अपनाना बहुत जरूरी है। बाजार और तकनीक हमें शॉर्ट टर्म की ओर ले जा रहा है। हमें लांग टर्म चलना चाहिए। आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस और सोशल मीडिया हमें शॉर्ट टर्म की ओर ले जा रहा है। हम शॉर्ट टर्म वाले हो गये हैं। इस कारण हमारा विकास बाधित हो रहा है। इससे प्रजातंत्र पर विपरीत असर पड़ रहा है। हमारे अर्थशास्त्र पर असर पड़ रहा है। हमें क्रिटिकल नॉलेज और क्रिटिकल थिंकिंग की जरूरत है। हमें सभ्य बनना है तो गांधी जी के बताये रास्ते पर चलना ही होगा। मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन डॉ. अशोक कुमार गदिया ने कहा कि आज हमारी अर्थव्यवस्था का नियंत्रण हमारी सरकार और जनता के हाथ में नहीं है। इसे विदेशी संस्थाएं नियंत्रित कर रही हैं। हम विदेशी ऋण में दबे हुए हैं।

हमारी आर्थिक स्वतंत्रता समाप्त हो चुकी है। आयात पर नियंत्रण नहीं है। हमें इंडस्ट्रीज बढ़ानी होंगी, रोजगार बढ़ाना होगा। शिक्षा का सिस्टम हमें अपने हिसाब से बनाना होगा। हम अपनी जरूरतें स्वयं तय करें फिर नई नीतियां बनाएं। तभी विकास संभव है और विकास की राहें गांधी जी के ग्राम स्वराज से ही होकर निकलेंगीं। विचार संगोष्ठी में वरिष्ठ पत्रकार पद्मश्री राम बहादुर राय, नीलम गुप्ता समेत मेवाड़ परिवार के सदस्य और विद्यार्थी उपस्थित रहे। मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की निदेशिका डॉ. अलका अग्रवाल ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। संचालन भार वरिष्ठ पत्रकार मनोज मिश्र ने संभाला।

# 270 दिन बाद भी आरटीई के 2531 बच्चों को नही मिला दाखिलाः जीपीए

**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन की तमाम कोशिशो के बाद भी जहाँ जिले में सूची को आये लगभग 270 दिन अर्थात 9 महीने बीत जाने के बाद भी 2531 बच्चों को निःशुल्क एवम अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 ( आरटीई ) के तहत दाखिला नही मिल पाया है।

वहीं अगर प्रदेश की बात करे तो ये आंकड़ा 50 % को भी नही छू पाया जो प्रदेश में राइट टू एजुकेशन 2009 की दुर्दशा को बयां करने के लिए काफी नजर आता है गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन की अध्यक्ष सीमा त्यागी का कहना है कि निजी स्कूलों द्वारा आरटीई के अधिनियम का उलघ्न कर गरीब एवम आर्थिक रूप से




कमजोर बच्चों को शिक्षा के मौलिक अधिकार से वंचित करना अपराध करने के समान है।

हमने प्रदेश के मुख्यमंत्री से लेकर जिले के तमाम अधिकारियों से दाखिले नही लेने वाले स्कूलो पर सख्त कार्यवाई करने का अनुरोध किया लेकिन पूरे प्रदेश में एक भी निजी स्कूल पर शासन , प्रशासन और अधिकारियों द्वारा कार्यवाई करने की हिम्मत नही दिखाई गई जिसके कारण निजी स्कूलों के हौसले बुलंद है और प्रदेश के हजारों गरीब बच्चों का आरटीई के तहत शिक्षा लेने का सपना टूट गया ये बच्चे आज भी उम्मीद लगाए बैठे है कि हमारे मुख्यमंत्री और अधिकारी हमे स्कूल में पढ़ने का अधिकार दिलायेंगे । गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन प्रदेश के मुख्यमंत्री से अपील करती है दाखिला नही लेने वाले स्कूलो पर सख्त कार्यवाई करते हुये शत प्रतिशत बच्चों का दाखिला आरटीई के अंतर्गत सुनिश्चित कराया जाये जिससे की प्रदेश का एक भी बच्चा शिक्षा के मौलिक अधिकार से वंचित न रहे।

# महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी ने शिवशक्ति धाम डासना के पुनर्निर्माण के लिये गुर्जर समाज से सहायता मांगी

## हम हर हालत में महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी के साथ हैं: वेद नागर

**टीबीसी संवाददाता**






**गाजियाबाद।** गौ रक्षा हिन्दू दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व भाजपा नेता वेद नागर के कार्यालय पर शिवशक्ति धाम डासना के पीठाधीश्वर व श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी महाराज की गुर्जर समाज के प्रतिष्ठित युवाओं के साथ एक बैठक हुई जिसमें महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी महाराज ने शिवशक्ति धाम डासना के पुनर्निर्माण के लिये गुर्जरो से सहायता मांगी।

सम्पूर्ण विश्व के इस्लामिक जिहादियों के निशाने पर रहने वाले महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी महाराज ने गुर्जर समाज का आह्वान करते हुए कहा कि गुर्जर समाज हमेशा से ही धर्मरक्षक रहा है ।गुर्जरों ने हमेशा से ही धर्म की रक्षा के लिये बलिदान दिए हैं ।आज सनातन धर्म के एक प्रमुख तीर्थ शिवशक्ति धाम डासना को अपने पुनर्निर्माण के लिये गुर्जर समाज के सहयोग की आवश्यकता है ।गुर्जर समाज को आगे बढ़कर धर्म की रक्षा के लिये शिवशक्ति धाम डासना की सहायता करनी चाहिये।

महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी महाराज के आह्वान पर राष्ट्रीय हिन्दू गौ रक्षा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व भाजपा नेता वेद नागर ने कहा कि शिवशक्ति धाम डासना आज सनातन धर्म की सबसे मजबूत आवाज है ।यही कारण है कि आज पूरी दुनिया के इस्लामिक जिहादी महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी जी महाराज की हत्या करना चाहते हैं परन्तु सम्पूर्ण गुर्जर समाज हर हालत में महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी जी महाराज के साथ है। हम महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी जी महाराज के साथ गुर्जरों के घर घर जाएंगे और उनसे शिवशक्ति धाम डासना के पुनर्निर्माण हेतु भिक्षा मांगेंगे।

सारी दुनिया ये समझ ले कि गुर्जर समाज सदैव ही धर्म के लिये लड़ने वालों के साथ रहेगा।

सभी उपस्थित गणमान्य गुर्जरो को सम्बोधित करते हुए अनिल मावी जी ने कहा कि आज ये समय की आवश्यकता है कि शिवशक्ति धाम डासना को सनातन धर्म का सबसे शक्तिशाली तीर्थ बनाया जाए ।इसके लिये हर गुर्जर को संकल्प लेना चाहिये। हम सभी गुर्जर अच्छी तरह से जानते हैं कि पहले हम सनातनी हैं और उसके बाद गुर्जर हैं। यदि धर्म नहीं बचा तो जाति कैसे बचेगी? इसीलिए हर गुर्जर अपनी तरह से धर्म की लड़ाई में हर सम्भव सहयोग करें। साथ में पप्पू प्रधान सादुलापुर विकाश नेता जी सादापुर देवेन्द्र कुमार देवा सनपुरा वीरेन्द्र प्रधान जानसुआना सन्दीप एडवोकेट सेनी महेन्द्र प्रधान बादलपुर चमन नागर,धीरज नागर फौजी, डॉक्टर ज्ञानेंद्र नागर,मोहित बजरंगी आदि लोगों ने मौजूद रहकर समर्थन किया।

# बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ के तहत विशेष कार्यक्रम सम्पन्न

**टीबीसी संवाददाता**



**गाजियाबाद।** सामाजिक संगठन महिला उन्नति संस्था ने 'बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ' संदेश को लोगों तक पहुंचाने को लेकर प्रदेश सरकार द्वारा चलाये जा रहे 'मिशन शक्ति' अभियान के अंतर्गत ग्रेटर नोएडा वेस्ट के बिसरख ब्लॉक स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर जन्मी नवजात बच्चियों का केक काटकर 'कन्या जन्मोत्सव' मनाया।

कन्या जन्मोत्सव पर खुशी मनाते हुए संस्थापक डॉ राहुल वर्मा ने कहा कि बेटियों के जन्म पर भी ऐसे ही खुशी मनाये जाने की आवश्यकता है जैसे बेटों के जन्म पर मनाई जाती है. तभी देश में बढ़ते लिंगानुपात को रोका जा सकता है, हमारा संगठन 'मिशन बेटी' अभियान चलाकर 'बेटी जन्म पर खुशी मनाओ- कन्या जन्मोत्सव मनाओ' का संदेश फैलाने का कार्य कर रहा है, इस अवसर पर महिला कल्याण विभाग की जिला कोऑर्डिनेटर सुनीता रामधारी ने नवजात बच्चियों को 'हैल्थ किट' देकर कन्या जन्मोत्सव की बधाई दी, वहीं स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी सुनीता यादव ने कहा बेटियों को लेकर लोगों को अपनी सोच में बदलाव लाने की आवश्यकता है, बेटियां हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही है।

# डीपीएस एचआरआईटी केंपस में आयोजित हुआ बारहवीं के छात्रों का साइटेशन समारोह





**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** डीपीएस एचआरआईटी केंपस में बोर्ड परीक्षाओं के आरंभ होने से पूर्व साईटेशन समारोह का शुभारंभ विद्यालय की डायरेक्टर वैशाली अग्रवाल एवं प्रधानाचार्या नंदिनी शेखर द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया।

कार्यक्रम के आरंभ में वंदना, स्वागत गीत एवं छात्रों के प्रेरणादायक नृत्य के उपरांत विद्यालय की डायरेक्टर वैशाली अग्रवाल एवं प्रधानाचार्या नंदिनी शेखर ने छात्रों को साइटेशन एवं स्मृति चिन्ह प्रदान करके उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने विद्यालय के साथ छात्रों के संबंधों एवं उनकी प्रगाढ़ता को बड़े भावविभोर करने वाले शब्दों में प्रस्तुत किया। समारोह में छात्रों के अभिभावक भी उपस्थित थे।

# ग्राम फिरोजपुर कैथवाड़ी व मिलक रावली में 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' कार्यक्रम सम्पन्न

## मुख्य अतिथि के रूप में विधायक अजीत पाल व ब्लॉक प्रमुख राजीव त्यागी रहे मौजूद








**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** ग्राम फिरोजपुर कैथवाड़ी व ग्राम मिलक रावली मुख्य अतिथि विधायक अजीत पाल व ब्लॉक प्रमुख राजीव त्यागी की अध्यक्षता में 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के शुरूआत में माननीय प्रधान मंत्री जी का रिकार्ड किया गया संदेश, विकसित भारत के लिए संकल्प वीडियो, प्रारम्भिक चलचित्र का प्रसारण किया गया। तदोपरांत योजनाओं के सफल लाभार्थियों द्वारा अपने अनुभव साझा किया गया। जिसमें ग्राम प्रधान ने अपने विचार साझा किये। उन्होने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा से हर एक विभाग की उपलब्धियां दिखाई दे रहीं है।

कृषि गतिविधियों पर सत्र ड्रोन प्रदर्शन, प्राकृतिक खेती और मृदा स्वास्थ्य कार्ड पर प्रगतिशील किसानों के साथ बातचीत की गयी तथा पीएम किसान सम्मान निधि योजना से जागरूकता रखने वाले और सहयोगी किसानों नरेशपाल, सोहनपाल, उर्मिला, रामपाल, रूगानपाल, नरेंद्र, अरविंद, राजेंद्र सिंह को सम्मानित किया गया। जिसमें से किसान नरेशपाल, सोहनपाल, रूगानपाल, नरेंद्र ने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि से किसानों को खेती करने में सहायता मिलती है। किसान देवेंद्र ने कहा कि सॉयल टेस्टिंग के द्वारा उन्हें फसल उर्वरक की मात्रा जानने में मदद मिली जिससे बहुत लाभ प्राप्त हुआ। ड्रोन द्वारा नैनो यूरिया के स्प्रे का प्रदर्शन किसान हरनाथ, श्योराज के सरसो व गेहूं के खेत पर किया गया। महिला एसएचजी सदस्यों/स्कूली छात्रों/ स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ - तेरा जलवा जलवा, स्वच्छता गीत आदि सहित अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गए।

उपलब्धि हासिल करने वाली महिलाओं, स्थानीय खिलाड़ियों आदि का अभिनंदन करते हुए पुरस्कार से सम्मानित किया गया। जिसमें छात्रों एवं छात्राओं को सम्मानित किया गया। ग्राम पंचायत की उपलब्धियों का जश्न- भूमि रिकॉर्ड का 100% डिजिटलीकरण, ओडीएफ+ स्थिति, जल जीवन मिशन की संतृप्ति, आदि पर विस्तृत जानकारी प्राप्त की गयी।

स्वास्थ्य शिविर (टीबी स्क्रीनिंग, जनजातीय क्षेत्रों में सिकल सेल एनीमिया स्क्रीनिंग) के शिविर लगाकर जांच की गई, पीएम उज्ज्वला के अलावा कार्यक्रम में राजस्व विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, सहकारिता विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, अग्रणी जिला प्रबन्धक, कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पशुपालन विभाग, आपूर्ति एवं विपणन विभाग, नेहरू युवा केन्द्र, पुलिस प्रशासन सहित अन्य विभागों द्वारा स्टाल लगाकर जनमानस की समस्याओं सुना गया और सुझावों पर विचार किया गया।

# वार्डों में उद्यान के कार्यो ने पकड़ी तेजी, कहीं हरियाली हेतु लगाई गई घास तो कहीं कराए गए निर्माण के काम

## उद्यान विभाग के चल रहे कार्यों में लगातार मॉनिटरिंग करें अधिकारी: नगर आयुक्त



**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** विक्रमादित्य सिंह मलिक नगर आयुक्त के निर्देश अनुसार निगम निधि से शहर मे उद्यान के कार्य जोरों से चल रहे हैं जिसमें लगभग 4 करोड़ की लागत से आवश्यकता अनुसार कार्य कराए जा रहे हैं, कई वार्डों में पार्कों के गेट का कार्य, बेंच लगाने का कार्य, घास लगाने का कार्य, फुटपाथ का कार्य, चार दिवारी का कार्य व अन्य मरम्मत के कार्य तेजी से चल रहे हैं, जिन पर उद्यान विभाग के अधिकारी लगातार मॉनीटरिंग कर रहे हैं।

नगर आयुक्त प्लानिंग के अनुसार कार्यों को कर रहे हैं जिसमें जहां निर्माण विभाग के कार्य तेजी से चल रहे हैं वहीं उद्यान विभाग के कार्यों में भी रफ्तार लाई गई है नगर आयुक्त ने उद्यान विभाग के अधिकारियों को गुणवत्ता पूर्वक ससमय कार्य करने के निर्देश दिए हुए हैं, पार्षदों के प्रस्ताव के क्रम में पार्कों में कार्य किया जा रहे हैं, वार्ड संख्या 74 वसुंधरा सेक्टर 3, वार्ड संख्या 65 विवेकानंद नगर, वार्ड संख्या 68 ब्रिज विहार, वार्ड संख्या 84 राजनगर वार्ड संख्या 49 नंदग्राम, व अन्य लगभग 60 वार्डों में 10-10 बेंच आवश्यकता अनुसार दी जा चुकी है बाकी अन्य 40 वार्डों में भी देने की तैयारी चल रही है। शास्त्री नगर वार्ड संख्या 18 में पार्क की चारदीवारी का कार्य चल रहा है जिसमें ग्रिल की मरम्मत का कार्य भी कराया गया है, वार्ड संख्या 28 में मोहन नगर स्थित पार्क का फुटपाथ का कार्य तथा गेट मरम्मत का कार्य किया गया है, वार्ड संख्या 9 माता कॉलोनी विजयनगर में दीवारों की मरम्मत का कार्य किया गया है, वार्ड संख्या 84 गुरुद्वारा सेक्टर 10 राज नगर के पार्क में घास लगाने का कार्य किया गया है, वार्ड संख्या 14 वकील कॉलोनी प्रताप विहार में घास लगाने का कार्य तथा चारदीवारी मरम्मत



का कार्य किया गया है, वार्ड संख्या 15 चरण सिंह कॉलोनी सेक्टर 12 में मरम्मत में चारदीवारी का कार्य कराया गया है, वार्ड संख्या 6 नंद ग्राम विकलांग कॉलोनी में मिट्टी के भराव का कार्य तथा चार दिवारी के कार्य को कराया गया है, वार्ड संख्या 10 डीएलएफ मोहन नगर में फुटपाथ गेट की मरम्मत तथा चार दिवारी का कार्य पार्क में किया गया है, इसी क्रम में पार्कों में बेहतर बैठने की व्यवस्था तथा घूमने की व्यवस्था को दुरुस्त किया जा रहा है। गाजियाबाद नगर निगम महापौर सुनीता दयाल तथा नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में तेजी से कार्यों को कर रहा है जिसमें शहर की सुंदरता को बनाए रखने के लिए पार्कों में प्राथमिकता पर कार्य किया जा रहे हैं।

आगामी सप्ताह में और अधिक तेजी से पार्कों में घास लगाने में मरम्मत का कार्य किया जाएगा इसके लिए 2 करोड़ 23 लाख के कार्यों की निविदा भी आमंत्रित की जा चुकी है, क्षेत्र वासियों का गाजियाबाद नगर निगम द्वारा कराए जा रहे कार्यों पर धन्यवाद भी प्राप्त हो रहा है जो की सराहनीय है निगम के योजनाबद्ध तरीके से हो रहे कार्यों में क्षेत्रीय पार्षदों की भी अहम भूमिका है जिसके लिए गाजियाबाद नगर आयुक्त द्वारा पार्षदों का धन्यवाद जताया गया।

# विधायक डॉ.मंजू शिवाच और विधायक अजीत पाल त्यागी की अध्यक्षता में 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' कार्यक्रम सम्पन्न





**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' का आयोजन ग्राम सुराना में मुख्य अतिथि विधायक अजीत पाल व ग्राम आसिफपुर उजेरा में मुख्य अतिथि विधायक मंजू शिवाच और ब्लॉक प्रमुख राजीव त्यागी द्वारा कार्यक्रम की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम के शुरूआत में माननीय प्रधान मंत्री जी का रिकार्ड किया गया संदेश, विकसित भारत के लिए संकल्प वीडियो, प्रारम्भिक चलचित्र का प्रसारण किया गया। तदोपरांत योजनाओं के सफल लाभार्थियों द्वारा अपने अनुभव साझा किया गया। जिसमें ग्राम प्रधान ने अपने विचार साझा किये। उन्होने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा से हर एक विभाग की उपलब्धियां दिखाई दे रहीं है। कृषि गतिविधियों पर सत्र ड्रोन प्रदर्शन, प्राकृतिक खेती और मृदा स्वास्थ्य कार्ड पर प्रगतिशील किसानों के साथ बातचीत की गयी जिस पर किसानों ने सरकार की योजनाओं एवं कार्यों को सराहा तथा पीएम किसान सम्मान निधि योजना से जागरूकता रखने वाले और सहयोगी किसानों कृष्णपाल यादव, विकास कुमार, अनिल सिंह, मनोज चौधरी, बलवेश सिंह, बृजपाल सिंह, हरबीर सिंह आदि को सम्मानित किया गया।महिला एसएचजी सदस्यों/स्कूली छात्रों/स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ - तेरा जलवा जलवा, स्वच्छता गीत आदि सहित अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गए। उपलब्धि हासिल करने वाली महिलाओं, स्थानीय खिलाड़ियों आदि का अभिनंदन करते हुए पुरस्कार से सम्मानित किया गया। जिसमें छात्रों एवं छात्राओं को सम्मानित किया गया। ग्राम पंचायत की उपलब्धियों का जश्न- भूमि रिकॉर्ड का 100% डिजिटलीकरण, ओडीएफ+ स्थिति, जल जीवन मिशन की संतृप्ति, आदि पर विस्तृत जानकारी प्राप्त की गयी। स्वास्थ्य शिविर (टीबी स्क्रीनिंग, जनजातीय क्षेत्रों में सिकल सेल एनीमिया स्क्रीनिंग) के शिविर लगाकर जांच की गई, पीएम उज्वला के अलावा कार्यक्रम में राजस्व विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, सहकारिता विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, अग्रणी जिला प्रबन्धक, कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पशुपालन विभाग, आपूर्ति एवं विपणन विभाग, नेहरू युवा केन्द्र, पुलिस प्रशासन सहित अन्य विभागों द्वारा स्टाल लगाकर जनमानस की समस्याओं सुना गया और सुझावों पर विचार किया गया।
कार्यक्रम में मुख्य रूप से किसानों छात्राओं सहित बड़ी संख्या में लाभार्थी और स्थानीय लोग भी उपस्थित रहे।

# सेस के भुगतान का अब पोर्टल के माध्यम से किया जा सकता हैं: अनुराग मिश्र


**टीबीसी संवाददाता**




**गाजियाबाद।** अनुराग मिश्र उप श्रम आयुक्त, उ०प्र०, गाजियाबाद क्षेत्र, गाजियाबाद ने प्रेस नोट कर जानकारी दी कि राजनाथ सिंह, सम्मानित सदस्य, उ०प्र० भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण परामर्शदात्री समिति की उपस्थिति में कार्यालय उप श्रम आयुक्त, गाजियाबाद क्षेत्र गाजियाबाद में उपकर संग्रह पोर्टल cessupbocw.in के माध्यम से सेस के भुगतान का औपचारिक सुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर आयोजित गोष्ठी में उप श्रम आयुक्त अनुराग मिश्र द्वारा सेस पोर्टल के सम्बन्ध में किसी असुविधा के लिए 9125797729 की जानकारी कार्यक्रम में उपस्थित सभी बिल्डर एसोसिएशन केडाई के सदस्यों, ट्रेड यूनियन के पदाधिकारियों और सरकारी विभागों के प्रतिनिधियों को दी गई एवं उन्हें अवगत कराया गया कि अब सेस सम्बन्धी समस्त कार्य जैसे धनराशि जमा किया, शिकायत आदि उक्त पोर्टल के माध्यम से किए जा सकेंगे, जो एक सुविधाजनक एवं पारदशों व्यवस्था होगी।

इसके साथ ही ट्रेड यूनियन के सदस्यों व एसोसिएशन के सदस्यों से अनुरोध किया गया कि उ०प्र० भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के पात्र श्रमिकों को अधिक से अधिक संख्या में लाभ दिलाने व जागरूक करने में सहयोग प्रदान किया जाए। बिल्डर एसोसिएशन केडाई के अध्यक्ष गौरव गुप्ता द्वारा आश्वत किया गया कि उनका संगठन अगले एक सप्ताह के भीतर एक जागरूकता शिविर का आयोजन करेगा, जिसके माध्यम से सेस पोर्टल की व्यवस्थाओं और योजनाओं के लिए पात्र श्रमिकों के रजिस्ट्रेशन का एक व्यापक अभियान चलाने में श्रम विभाग के अधिकारियों को आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाएगा। ट्रेड यूनियन पदाधिकारियों को यह भी अवगत कराया गया कि ई-श्रम पोर्टल पर रजिस्टर श्रमिक, जिनकी मृत्यु 31 मार्च 2022 के पूर्व किसी दुर्घटना में हो गई या वो दिव्यांग हो गए हैं, उनके लिए भी एक्स ग्रेशिया मॉड्यूल के अन्तर्गत दो लाख रुपए तक की सहायता दी जानी है। ऐसे जो भी श्रमिक है, उन्हें इस लाभ के लिए यथाशीघ्र अधिक से अधिक पात्रों को श्रम कार्यालय, लोहिया नगर में लाकर उनका आवेदन कराया जाना आवश्यक है।

# ग्राम खौराजपुर व ग्राम कुम्हेड़ा में 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' कार्यक्रम सम्पन्न







**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' कार्यक्रम का आयोजन ग्राम खौराजपुर विहंग में कर्नल टीपी सिंह व ग्राम कुम्हेड़ा में सांसद अनिल अग्रवाल और ब्लॉक प्रमुख राजीव त्यागी मुख्य अतिथियों की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम के शुरूआत में माननीय प्रधान मंत्री जी का रिकार्ड किया गया संदेश, विकसित भारत के लिए संकल्प वीडियो, प्रारम्भिक चलचित्र का प्रसारण किया गया। तदोपरांत योजनाओं के सफल लाभार्थियों द्वारा अपने अनुभव साझा किया गया। जिसमें ग्राम प्रधान ने अपने विचार साझा किये। उन्होने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा से हर एक विभाग की उपलब्धियां दिखाई दे रहीं है।

कृषि गतिविधियों पर सत्र ड्रोन प्रदर्शन, प्राकृतिक खेती और मृदा स्वास्थ्य कार्ड पर प्रगतिशील किसानों के साथ बातचीत की गयी तथा पीएम किसान सम्मान निधि योजना से जागरूकता रखने वाले और सहयोगी किसानों आबिद हुसैन पुत्र नूरदीन, रियासत अली पुत्र शेरदीन, भगवत पुत्र रामकला, बिजेंद्र पुत्र दयाराम, बाबूराम पुत्र खजान सिंह, रामलाल पुत्र खजान, चतरपाल पुत्र छोटे, रजनीश पुत्र सुरेंद्र, योगेंद्र पुत्र ब्रह्म सिंह को सम्मानित किया गया। जिसमें से किसान सोनिया पुत्री आबिद हुसैन पुत्र नूरदीन व योगेंद्र पुत्र बिरहम सिंह ने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि से किसानों को खेती करने में सहायता मिलती है। महिला एसएचजी सदस्यों/स्कूली छात्रों/स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ -काले गोरे का भेद नहीं, स्वच्छता गीत आदि सहित अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गए। उपलब्धि हासिल करने वाली महिलाओं, स्थानीय खिलाड़ियों आदि का अभिनंदन करते हुए पुरस्कार से सम्मानित किया गया। जिसमें छात्रों एवं छात्राओं को सम्मानित किया गया। ग्राम पंचायत की उपलब्धियों का जश्न- भूमि रिकॉर्ड का 100% डिजिटलीकरण, ओडीएफ+ स्थिति, जल जीवन मिशन की संतृप्ति, आदि पर विस्तृत जानकारी प्राप्त की गयी।

ड्रोन द्वारा नैनो यूरिया का स्प्रे बाबूराम पुत्र कालूराम के गेहूं के खेत पर कराया गया। स्वास्थ्य शिविर (टीबी स्क्रीनिंग, जनजातीय क्षेत्रों में सिकल सेल एनीमिया स्क्रीनिंग) के शिविर लगाकर जांच की गई, पीएम उज्वला के अलावा कार्यक्रम में राजस्व विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, सहकारिता विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, अग्रणी जिला प्रबन्धक, कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पशुपालन विभाग, आपूर्ति एवं विपणन विभाग, नेहरू युवा केन्द्र, पुलिस प्रशासन सहित अन्य विभागों द्वारा स्टाल लगाकर जनमानस की समस्याओं सुना गया और सुझावों पर विचार किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से किसानों छात्राओं सहित बड़ी संख्या में लाभार्थी और स्थानीय लोग भी उपस्थित रहे।

### 'सांसद सांस्कृतिक समागम–2023' कार्यक्रम सम्पन्न

# विकास पथ पर आपके द्वारा बढ़ाया एक कदम देश को 140 करोड़ कदम आगे बढ़ाएगा: केंद्रीय मंत्री वीके सिंह

## सैकड़ों बच्चों ने किया प्रतिभाग, विजेताओं सहित सभी प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत









**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** सांसद एवं केंद्रीय सड़क परिवहन राजमार्ग एवं नगर विमानन केंद्रीय मंत्री जनरल डॉक्टर विजय कुमार सिंह गाजियाबाद जिला प्रशासन द्वारा आयोजित सांसद सांस्कृतिक समागम–2023 कार्यक्रम में दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम, नेहरू नगर गाजियाबाद में उपस्थित हुए।

केन्द्रीय मंत्री वीके सिंह ने द्वीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। केन्द्रीय मंत्री वीके सिंह ने गाजियाबाद संसदीय क्षेत्र के स्कूल से अपनी प्रतिभा को दिखाने के लिए उपस्थित हुए सभी बच्चों द्वारा प्रदर्शनी, लोक संगीत, लोक नृत्य, लोक कथा मंचन, शास्त्रीय नृत्य, नुक्कड़ नाटक, मुशायरा, कविता गायन, रंगोली कार्यक्रम आयोजित किया गया।

वीके सिंह ने कहा कि भारत एक ऐसा देश है जिसे युवा देश कहा जाता है। देश के युवा वर्ग देश को आगे बढ़ाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है और आगे भी निभाऐंगे। बच्चों की प्रतिभा निखारने के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया और उनकी प्रतिभाओं को देखते हुए यह कार्यक्रम हर वर्ष आयोजित किया जायेगा।

केन्द्र एवं राज्य सरकार जिस तरह से कार्य कर रही है उसके हिसाब से जल्द ही भारत देश विकसित देश बन जायेगा। विकास के क्षेत्र में आपके द्वारा उठाया गया एक कदम देश को 140 करोड़ कदम विकास की ओर आगे बढ़ेगा। कहा कि इस तरह के कार्यक्रम हमारे आने वाली पीढ़ी की प्रतिभाओं को बढ़ाने में कारगर साबित हो रही हैं।

इस दौरान मंत्री ने उपस्थित सभी बच्चों को कार्यक्रम में पहुँचने व प्रतिभाग करने वाले सभी बच्चों को अपना आशीर्वाद दिया एवं शुभकामनाएं दी। कहा कि मैं जिला प्रशासन के तमाम अधिकारियों को धन्यवाद का पत्र मानता हूं जिन्होंने इतना अच्छा और सुंदर कार्यक्रम गाजियाबाद में आयोजित किया है। इस कार्यक्रम में लगी प्रदर्शनी में बच्चों द्वारा हस्त निर्मित उत्पादों को देख डॉ. वीके सिंह बेहद खुश हुए और बच्चों को उन्होंने अपना आशीर्वाद दिया और विजेताओं सहित सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित भी किया।

कार्यक्रम के दौरान बेटी बचाओं – बेटी पढ़ाओं के तहत 11 छात्राओं को लैपटॉप वितरित किए गए।

आयोजन को सफल बनाने में मुख्य भूमिका निभाने वाली डीपीएस साहिबाबाद स्कूल की डायरेक्टर ज्योति गुप्ता के साथ जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, परियोजना निदेशक डीआरडीए पी एन दीक्षित, उपायुक्त आजीविका मिशन राम उदरेज यादव, जिला विकास अधिकारी श्रीमती प्रज्ञा श्रीवास्तव, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश श्रीवास, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमरजीत सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ओपी यादव, जिला प्रोबेशन अधिकारी मनोज कुमार, जिला सूचना अधिकारी योगेन्द्र प्रताप सिंह, बेसिक शिक्षा विभाग में एस आर डॉ पूनम शर्मा, राणा प्रताप हाइयर सेकेंडरी स्कूल प्रधानाचार्या श्रीमती पूनम सिसौदिया और मॉर्डन कॉलेज की प्रधानाचार्या श्रीमती निशा सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

इस कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले कॉलेज व स्कूल जिसमें एबीईएस इंजीनियरिंग कॉलेज, आदर्श कन्या इंटर कॉलेज, गोविंदपुरी मोदीनगर, औद्योगिक विकास एवं प्रशिक्षण केंद्र, बाल भारती पब्लिक स्कूल, बाल भारती पब्लिक स्कूल आईपी योजना, ब्राइट एवेन्यू स्कूल गाजियाबाद, सीडीडीपीएस इंटर कॉलेज सोंदा, चौधरी छबील दास पब्लिक स्कूल, कम्पोजिट विद्यालय अफजलपुर लोनी गाजियाबाद, कम्पोजिट विद्यालय कैथवारी, कम्पोजिट विद्यालय ककरा कम्पोजिट विद्यालय कठवारी, कम्पोजिट विद्यालय वैशाली नगर क्षेत्र गाजियाबाद, कंपोजिट विद्यालय बसंतपुर सैंतली, डी.ए.वी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल, डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल चंदर नगर, डीएवी सीपीएस चंदा नगर गाजियाबाद, डेविड मॉडल पब्लिक जूनियर हाई स्कूल, दिल्ली पब्लिक स्कूल गाजियाबाद, दिल्ली पब्लिक स्कूल गाज़ियाबाद मेरठ रोड, दिल्ली पब्लिक स्कूल गाजियाबाद वसुन्धरा, दिल्ली पब्लिक स्कूल इंदिरापुरम, दिल्ली पब्लिक स्कूल साहिबाबाद, डायमंड पब्लिक स्कूल, डीपीएस इंदिरापुरम, डीपीएस सिद्धार्थ विहार गाजियाबाद, डीपीएसजी इंटरनेशनल, डॉ के.एन. मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज, मोदीनगर, गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज रावली कलां गाजियाबाद, गणपति इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, गौतम पब्लिक एसआर. एसईसी. विद्यालयजीआईसी, गाजियाबाद पब्लिक स्कूल, गिन्नी देवी मोदी गर्ल्स पीजी कॉलेज मोदीनगर गाजियाबाद, राजकीय मॉडल कन्या इंटर कॉलेज प्रेम नगर लोनी गाजियाबाद, सरकार. मॉडल गर्ल्स इंटर कॉलेज, प्रेम नगर, लोनी (जीजेडबी),एस मॉडर्न स्कूल, गुरुकुल स्कूल, गुरुकुल द स्कूल, गुरुकुल द स्कूल, गाज़ियाबाद, गुरुकुल विद्यालय डासना, गुरुकुल द स्कूल, गाजियाबाद, गुरुकुल द स्कूल, गाज़ियाबाद, विरासत अकादमी, पवित्र बाल विद्यालय, इंग्राहम इंग्लिश मीडियम स्कूल, आईटीईआरसी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन, जवाहर लाल मेमोरियल गील्स इंटर कॉलेज, जिज्ञासा पब्लिक स्कूल, के आर मंगलम वर्ल्ड स्कूल वैशाली, काईट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, गाज़ियाबाद, कैलाशवती इंटर कॉलेज, कन्या वैदिक विद्यालय इंटर कॉलेज गाजियाबाद, खेतान पब्लिक स्कूल, काईट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन, ललिता पदम,तन्नु..आई.सी, तुलसी राम महेश्वरी पब्लिक स्कूल मुरादनगर, यू पी एस शहजादपुर, उच्च प्राथमिक विद्यालय टीला शहबाजपुर, उत्तम स्कूल फॉर गर्ल्स, वी.एन भातखंडे संगीत महाविद्यालय, वनस्थली पब्लिक स्कूल, विद्यावती मुकुंद लाल गर्ल्स कॉलेज, विश्व भारती स्कूल, प्राथमिक विद्यालय निस्तौली नंबर वन, राजकीय मॉडल, बालिका इण्टर कॉलेज, प्रेम नगर, लोनी,गाजियाबाद, प्राथमिक विद्यालय निस्तौली नंबर वन और राजकीय मॉडल बालिका इंटर कॉलेज, प्रेम नगर लोनी गाजियाबाद उपस्थित रहे।

# बच्चों की सुरक्षा के प्रति गम्भीर रहे अधिकारीगण: अनीता अग्रवाल

## योजनान्तर्गत पात्र 12 बच्चों को लैपटॉप किये वितरित



**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग, लखनऊ की सदस्या श्रीमती अनीता अग्रवाल ने अपने जनपद गाजियाबाद भ्रमण के दौरान गत गुरूवार को कस्तुरबा गाँधी विद्यालय नेहरू नगर गाजियाबाद में बालिकाओं के दस मीटर पिस्टल सूटिंग प्रशिक्षण का शुभारम्भ किया गया और विद्यालय का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान विधालय में आवासित छात्राओं के भोजन की गुणवत्ता की गहनता से जाँच की गई और उपस्थित बालिकाओं से उनको मिल रही सुविधाओं के सम्बन्ध में जानकारी ली गई। तदुपरान्त जिला महिला चिकित्सालय गाजियाबाद में स्थित बच्चों के एन०आर०सी वार्ड और बच्चों की नर्सरी वार्ड का निरीक्षण किया गया एवं शिशुओं की मिल रही चिकित्सीय सुविधाओं के सम्बन्ध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी से जानकारी ली गई। इसके साथ ही करहेड़ा गाजियाबाद में स्थित कम्पोजिट विद्यालय एवं ऑगनवाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया गया। कम्पोजिट विद्यालय में शिक्षा प्राप्त कर रही बालिकाओं से मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली गई। बालिकाओं द्वारा बताया गया कि उन्हें खान-पान एवं शिक्षा से सम्बन्धित कोई समस्या नही है। स्वैच्द्रिक संगठन सलाम बालक ट्रस्ट द्वारा संचालित उदय खुला बाल आश्रय गृह का निरीक्षण किया गया। संस्था में बच्चों को मिल रही सुविधाओं की प्रशंसा की गई। गत शुक्रवार वन स्टाप सेंटर यूनिट-1, संयुक्त चिकित्सालय संजयनगर गाजियाबाद का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान अल्पावास में निवासित महिला से खाने पीने एंव उसके पुर्नवास के सम्बन्ध में उपस्थित सेंटर मैनेजर ने अवगत कराया गया कि उक्त महिला जनपद फरीदाबाद हरियाणा की है।

# नेटबॉल की उत्तर प्रदेश की टीम के चयन हेतु सेठ मुकन्द लाल इंटर कॉलेज में हुआ ट्रायल

**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** सेठ मुकन्द लाल इंटर कॉलेज में उत्तर प्रदेश की नेटबॉल टीम के चयन के लिए ट्रायल आयोजित किया गया। ट्रायल से चयनित खिलाड़ियों का 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर भी सोमवार से कॉलेज में शुरू हो गया। ट्रायल व शिविर के आयोजन प्रभारी राहुल देव गौतम ने बताया कि नई दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में नेटबाल की अंडर 17 की राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन 2 जनवरी से 9 जनवरी तक होगा। प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों की टीम भाग लेगी। उत्तर प्रदेश की टीम भी बालिका व बालक दोनों वर्गों में भाग लेगी। टीम के चयन के लिए कॉलेज में ट्रायल का आयोजन किया गया। ट्रायल से बालिका वर्ग में आस्था तिवारी, वंशिका आनंद, निशा, वंशिका, माहिरा, सूची तिवारी, खुशबू, नैंसी, ईशा, जागृति यादव, शालिनी मौर्य, गौरी, जीनत, वैष्णवी, प्राची, वाणी, अति, आकाशवी, कंचन व दीक्षा समेत 20 खिलाड़ियों का चयन किया गया। बालक वर्ग में माधव, आशीष झा, रौनक, अबुजर, राहुल, संतोष, रूद्र, लकी, शिवम, संभव, सचिन बिष्ट, हेमंत, रोनित, आर्यन, दीप, तनुस, अर्चित, रूद्र, असद व अरशद समेत 20 खिलाड़ियों का चयन हुआ। इन सभी खिलाड़ियों का प्रशिक्षण शिविर सोमवार से शुरू हो गया जो 10 दिन चलेगा। शिविर के बाद बालिका व बालक वर्ग की 12 सदस्यीय टीम चुनी जाएगी जो प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेगी।





# नगर आयुक्त की स्मार्ट प्लानिंग से गार्बेज फैक्ट्री का बदला स्वरूप, कचरा निस्तारण हेतु आधुनिक तकनीकी से होगी स्मार्ट वर्किंग

## आधुनिक मशीनों से होगा कचरे का निस्तारण, नगर आयुक्त ने लिया जायेजा

**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में शहर हित में स्मार्ट वर्किंग पर ही जोर दिया जा रहा है, जिसमें गाजियाबाद नगर निगम के सभी विभागों के द्वारा तकनीकी माध्यम से स्मार्ट वर्किंग करते हुए कार्य किये जा रहे हैं, स्वास्थ्य विभाग द्वारा भी इसी क्रम में कार्य करते हुए गार्बेज फैक्ट्री को रिस्ट्रक्चर किया गया है, आधुनिक तकनीकी की मशीनों को लगाते हुए एमआरएफ की स्थापना की गई है जिसका नगर आयुक्त द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया।





नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश द्वारा बताया गया कि गाजियाबाद नगर निगम स्वास्थ्य विभाग द्वारा नगर आयुक्त महोदय के निर्देश की क्रम में ट्रिपल पी मॉडल पर स्मार्ट एमआरएफ रेत मंडी गार्बेज फैक्ट्री पर स्थापित किया गया है, इस प्लांट मे गाजियाबाद नगर निगम द्वारा व्यय नहीं किया गया है (क्ढउअ) इंडियन पॉल्यूशन कंट्रोल एसोसिएशन तथा एसबीआई कार्ड के सी.एस.आर. फंड से कार्य किया गया है' जिसमें सिटी जोन के कचरे का निस्तारण आधुनिक तकनीकी से युक्त मशीनों के द्वारा किया जाएगा, सुखे कूड़ा रीसायकल किया जाएगा तथा गीले कूड़े से खाद बनेगी।

गाजियाबाद नगर निगम सिटी जोन अंतर्गत रेत मंडी में बनाए गए, उक्त प्लाट के द्वारा आधुनिक मशीनों के इस्तेमाल से कचरे का निस्तारण किया जा रहा है।

नगर आयुक्त ने निरीक्षण के दौरान मशीनों को चालू कर कर डेमो भी लिया, सूखे कचरे का एमआरएफ के माध्यम से रीसायकल हेतु प्रोसेस किया जाएगा, जिसके लिए प्लांट पर चार कन्वेयर मशीन भी लगाई गई है, इसी प्रकार गीले कचरे से खाद बनाने के लिए ऑर्गेनिक वेस्ट कंपोस्टर मशीन भी लगाया गया है, सूखे कचरे का इस प्लांट में 200 टन कचरा प्रतिदिन प्रोसेस किया जाएगा, तथा गीला कचरा प्रतिदिन 40 से 50 टन प्रोसेस किया जाएगा।

नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि आगामी सप्ताह में स्मार्ट एमआरएफ प्लांट का उद्घाटन करने की तैयारी है जिसके बाद सिटी जोन के चिन्हित 10 से 15 वार्डों का कचरा प्रथम चरण में निस्तारण करने की कार्यवाही की जाएगी, गाजियाबाद नगर निगम द्वारा शहर वासियों से भी अपील की गई है कि वह अपने कचरे को अलग-अलग करके ही निगम की गाड़ियों मे डाला जाये।

शहर की कचरे के शत प्रतिशत निस्तारण हेतु शहर वासियों द्वारा कचरे को अलग-अलग करना बहुत जरूरी है जिससे कचरा प्रथकीकरण के माध्यम से बेहतर कार्य शहर हित में होगा।

महापौर सुनीता दयाल तथा नगर आयुक्त महोदय विक्रमादित्य सिंह मलिक की नेतृत्व में गाजियाबाद नगर निगम स्मार्ट वर्किंग कर रहा है जो कि शहर वासियों के लिए धरातल पर सफल होती दिखाई दे रही है, इसी प्रकार अन्य जोन में भी स्मार्ट एमआरएफ लगाने की प्लानिंग चल रही है जो की सराहनीय है।

## महामाया स्टेडियम का होगा कायाकल्प

# खिलाड़ियो की सुविधा हेतु स्पोर्टस सामग्री क्रय करने व स्टेडियम के जीर्णोद्धार के लिए मिली स्वीकृति



**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** महात्मा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट में मुख्य विकास अधिकारी श्री अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में जिला खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति की बैठक सम्पन्न हुई। समिति की वार्षिक आय/व्यय तथा वर्तमान में उपलब्ध धनराशि का विवरण निर्णय में पाया गया कि वर्तमान माह तक समिति के खाते में धनराशि उपलब्ध है तथा व्यय धनराशि शून्य है। उपक्रीड़ाधिकारी एवं समिति के सचिव/कोषाध्यक्ष द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि शासनादेश संख्या-1187/बयालिस-2020-38/एस0पी0/30/84 टी0सी0 दिनांक 27.07.2020 द्वारा जिला खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति नियमावली 2020 की अनुसूची-ख में 'पे एण्ड प्ले तथा कम एण्ड प्ले' के क्रियान्वयन के अन्तर्गत मानक के अनुसार प्रत्येक तरणताल व जिम संचालन का वार्षिक रजिस्ट्रेशन रू0 15,000/- एक मुस्त समिति के खाते में जमा कराये जाने हेतु। स्टेडियम में आने वाले वरिष्ठ व्यक्तियों से रू0 30,000/- लाईफटाइम मेमबरशिप व 60 वर्ष से ऊपर व्यक्तियों हेतु 25,000/- एकमुस्त समिति के खाते में जमा कराये जाने हेतु। खिलाड़ियों से वर्ष में रू0 100/-प्रति रजिस्ट्रेशन शुल्क 385 रसीद के माध्यम से तथा इसके अतिरिक्त वर्ष में रू0 100/-समिति के खाते में जमा कराये जाने हेतु। खेल मैदान के आरक्षण में रू0 1000/-प्रत्येक आरक्षण पर समिति में जमा हेतु। बैडमिण्टन हॉल में प्रतिव्यक्ति शौकिया खिलाड़ियों से रू0 1000/- अंशदान के रूप में वार्षिक एक मुस्त समिति के खाते में जमा कराये जाने हेतु जमा कराये जाने से सम्बन्धित कार्यवाही हेतु उपक्रीड़ाधिकारी एवं समिति के सचिव/कोषाध्यक्ष को अनुमति प्रदान की गयी। नगर निगम एवं गाजियाबाद विकास प्राधिकरण से स्टेडियम में स्टेडियम के अन्दर व बाहर की ओर सौन्दर्यीकरण का कार्य व दीवारों/ होर्डिग्स बोर्ड पर खेल से सम्बन्धित पेन्टिंग/स्लोगन आदि का कार्य। सुलभ शौचालय बालक/बालिका तथा दिव्यांगजन हेतु। स्टेडियम के मुख्य द्वारा से खेल मैदान गेट तक सी0सी0रोड व रैम्प तथा पथ प्रकाश हेतु लाईट निर्णय- उपक्रीड़ाधिकारी एवं समिति के सचिव/कोषाध्यक्ष द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि स्टेडियम में अन्दर व बाहर की ओर सौन्दर्यीकरण का कार्य व दीवारों/ होर्डिग्स बोर्ड पर खेल से सम्बन्धित पेन्टिंग/स्लोगन आदि का कार्य।, सुलभ शौचालय बालक/बालिका तथा दिव्यांगजन हेतु। स्टेडियम के मुख्य द्वारा से खेल मैदान गेट तक सी0सी0रोड का निमार्ण एवं दिवयांगजन खिलाड़ियों को रैम्प का निर्माण तथ पथ प्रकाश हेतु लाईट की व्यवस्था कराये जाने हेतु नगर आयुक्त, नगर निगम गाजियाबाद से कराये जाने हेतु अनुरोध पत्र भेजा जाये इस हेतु सम्बन्धित कार्यवाही हेतु उपक्रीड़ाधिकारी एवं समिति के सचिव/कोषाध्यक्ष को अनुमति प्रदान की गयी।

खिलाड़ियों के हित को दृष्टिगत रखते हुए स्टेडियम में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन हेतु समिति के माध्यम से निम्न खेल सामग्री क्रय किये जाने पर विचार डबल बैट्री का इर्न्वटर क्रय 01 सैट, सौफा सैट मय टेबिल 01 सैट निर्णय -उपक्रीड़ाधिकारी एवं समिति के सचिव/कोषाध्यक्ष द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि जनपद के खिलाड़ियों के हित को दृष्टिगत रखते हुए स्टेडियम में कार्यालय हेतु समिति के माध्यम से 1-डबल बैट्री का इर्न्वटर क्रय 01 सैट 2-सौफा सैट मय टेबिल 01 सैट खेल हित में क्रय किये जाने हेतु अनुरोध किया, जिसके क्रम में समिति के अध्यक्ष जिलाधिकारी द्वारा उपरोक्त समस्त खेल सामग्री को नियमानुसार जैम पोर्टल के माध्यम से क्रय किये जाने हेतु समिति के उपस्थित सदस्यों के अनुमोदन पर स्वीकृति प्रदान की गयी।

# 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' कार्यक्रम ग्राम बड़का आरिफपुर व ग्राम बसंतपुर सैतली में सम्पन्न



**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' का कार्यक्रम ग्राम बड़का आरिफपुर में ग्राम प्रधान साबिया प्रवीण व ग्राम बसंतपुर सैतली में एमएलसी दिनेश गोयल मुख्य अतिथियों की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के शुरूआत में माननीय प्रधान मंत्री जी का रिकार्ड किया गया संदेश, विकसित भारत के लिए संकल्प वीडियो, प्रारम्भिक चलचित्र का प्रसारण किया गया। तदोपरांत योजनाओं के सफल लाभार्थियों द्वारा अपने अनुभव साझा किया गया। जिसमें ग्राम प्रधान ने अपने विचार साझा किये। उन्होने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा से हर एक विभाग की उपलब्धियां दिखाई दे रहीं है। कृषि गतिविधियों पर सत्र ड्रोन प्रदर्शन, प्राकृतिक खेती और मृदा स्वास्थ्य कार्ड पर प्रगतिशील किसानों के साथ बातचीत की गयी तथा पीएम किसान सम्मान निधि योजना से जागरूकता रखने वाले और सहयोगी किसानों मो अख्तर खान पुत्र असगर खान, गणेशी पुत्र भंवर सिंह, मो अकबर खान पुत्र असगर खान, रामनिवास पुत्र होसियार, रविदत्त पुत्र सरजीत, महावीर पुत्र आशाराम, जसवीर पुत्र आशाराम को सम्मानित किया गया। जिसमें से किसान गणेशी लाल पुत्र भंवर सिंह, अख्तर खान पुत्र असगर खान व जसवीर पुत्र आशाराम ने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि से किसानों को खेती करने में सहायता मिलती है। ड्रोन द्वारा नैनो यूरिया के स्प्रे का प्रदर्शन किसान मो अकबर खान पुत्र असगर खान, मो अख्तर खान पुत्र असगर खान व मुकेश पुत्र जगदीश के सरसो व गेहूं के खेत पर किया गया। महिला एसएचजी सदस्यों/स्कूली छात्रों/स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ- फिर भी दिल हैं हिंदुस्तानी, स्वच्छता गीत आदि सहित अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गए। उपलब्धि हासिल करने वाली महिलाओं, स्थानीय खिलाड़ियों आदि का अभिनंदन करते हुए पुरस्कार से सम्मानित किया गया। जिसमें छात्रों एवं छात्राओं को सम्मानित किया गया। ग्राम पंचायत की उपलब्धियों का जश्न- भूमि रिकॉर्ड का 100% डिजिटलीकरण, ओडीएफ स्थिति, जल जीवन मिशन की संतृप्ति, आदि पर विस्तृत जानकारी प्राप्त की गयी। स्वास्थ्य शिविर (टीबी स्क्रीनिंग, जनजातीय क्षेत्रों में सिकल सेल एनीमिया स्क्रीनिंग) के शिविर लगाकर जांच की गई, पीएम उज्ज्वला के अलावा कार्यक्रम में राजस्व विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, सहकारिता विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, अग्रणी जिला प्रबन्धक, कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पशुपालन विभाग, आपूर्ति एवं विपणन विभाग, नेहरू युवा केन्द्र, पुलिस प्रशासन सहित अन्य विभागों द्वारा स्टाल लगाकर जनमानस की समस्याओं सुना गया और सुझावों पर विचार किया गया।

Printed and Published by Dheeraj Kumar Bhargava at B.F.L Inrotech Ltd, C-9, Sector-3 Noida, Distt. Gautam Budh Nagar and Published at 282, Sarai Nazar Ali, behind MMG Hospital Ghaziabad (U.P.) 201 001. **Editor:** Dheeraj Kumar, **Resident Editor:** Manisha Bhargava** **Email:** editor@tbam.co.in **RNI. No:** UPBIL/2009/28691, **Postal Registration No.** UP/GBD80/2016-18, **Advertisement :** Ph. No.: 0120-2850800, 2850297, **Fax :** 0120-4561000. **Add:** Plot No- 516, Sector- 12, Friends Co-operative Society, Vasundhra, Ghaziabad (U.P.)** Responsible for selection of News under the PRB Act. Repro- duction in any manner, electronic or otherwise in whole or in post without prior written permission is prohibited.